Headline- Builders to lure customers with nature-friendly projects to increase sales

आर्टिफिशियल लेक, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, विंड मिल से प्रीमियम बायर्स को लुभाने की कोशिश

सेल्स बढ़ाने के लिए बिल्डर्स ने खेला नेचर कार्ड

[अमिति त्यागी *नई दिल्ली*]

एनसीआर में प्रीमियम प्रॉपर्टी सेगमेंट में कंपनियां नए आकर्षणों के साथ बायर्स को लुभाने की कोशिश कर रही हैं। रियल्टी डेवलपर टीडीआई इंफ्रास्ट्रक्चर जहां अप्रैल में कुंडली में लेकसिटी प्रोजेक्ट लॉन्च कर रही है, वहीं इरोज ग्रुप ने फरीदाबाद के सूरजकुंड में लेकवुड नाम से एक प्रोजेक्ट बनाया है जिसमें सूरजकुंड लेक के पास फ्रीहोल्ड प्लॉट और फ्लैट ऑफर किए जा रहे हैं। रियल्टी कंपनी बीपीटीपी ने अपने प्रोजेक्ट पार्क सेंटोसा में फरीदाबाद का सबसे बड़ा स्विमिंग पुल बनाने की घोषणा की है।

प्रीमियम प्रॉपर्टी कैटेगरी में नेचर हमेशा ही लोगों को लुभाती है और वे इसके लिए प्रीमियम चुकाने को भी तैयार रहते हैं। टीडीआई इंफ्रास्ट्रक्चर ने कुंडली में लेकसिटी प्रोजेक्ट लॉन्च करने की तैयारी की है। कंपनी के सीओओ नितेश कुमार ने ईटी को बताया, 'नेचुरल ब्यूटी और कॉन्सेप्ट लिविंग लोगों को हमेशा ही पसंद आते हैं। टीडीआई कुंडली में एक आर्टिफिशियल लेक तैयार कर रही है इसमें चार मंजिला और मल्टीस्टोरी बिल्डिंग होंगी। इसमें सभी फ्लैट का व्यू लेक की तरफ होगा।' कुमार ने बताया कि गुड़गांव की तुलना में लेकसिटी में फ्लैट की कीमत आधी होगी। लेकसिटी में 1,500 स्क्वेयर फीट के फ्लैट की कीमत 70-75 लाख रुपए के बीच हो सकती है।

फरीदाबाद के सूरजकुंड में लेकवुड सिटी में डेवलपर इरोज 355 वर्गमीटर के विला 8 करोड़ रुपए में बेच रही है। कंपनी के एक अधिकारी ने कहा, 'लेक व्यू प्रोजेक्ट दरसअल एक प्रीमियम प्रोजेक्ट है और लेक से पहले विला के ठीक सामने एक गार्डन तैयार किया गया है। यह दरअसल नेचर पसंद करने वाले प्रीमियम ग्राहकों के हिसाब से बनाया गया प्रोजेक्ट है। रेन वाटर हार्वेस्टिंग और वेस्ट डिस्पोजल जैसी सुविधाओं के साथ जल्द ही विला का पजेशन शुरू हो जाएगा।'

उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रोजेक्ट में हाई एंड क्लाइंट काफी दिलचस्पी लेते हैं, खासकर वैसे ग्राहक जिनके लिए कीमत ज्यादा मायने नहीं रखती।

रियल्टी डेवलपर बीपीटीपी ने फरीदाबाद के प्रोजेक्ट पार्क सेंटोसा में जहां ओलिंपिक साइज स्विमिंग पुल बनाने की बात कही है, वहीं गुड़गांव के सेक्टर 37 डी को पूरी तरह एनवार्यनमेंट बेस्ड बनाने की योजना है। यहां विंड मिल, सोलर पैनल और रेनवाटर हार्वेस्टिंग जैसी चीजें ग्राहकों को आकर्षित कर सकती हैं।

कंपनी के प्रवक्ता ने कहा, 'हमने इस प्रोजेक्ट को ग्रीनहाउस की तर्ज पर डेवलप किया है। इसमें कीमत 6,250 रुपए प्रति स्क्वेयर फीट से शुरू होती हैं। अपने ग्राहकों को क्लोज टू नेचर फील देने के लिए बिल्डिंग का पूरा आर्किटेक्चर नेचुरल एनर्जी के मैक्सिमम यूज करने के पैटर्न पर डेवलप किया गया है।'